देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 16 फरवरी 2023। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम नवागत कार्यपरिषद् सदस्य प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. उग्रसेन सुमन, प्रो. गणेश्वर मिश्रा एवं प्रो. दीपक श्रीवास्तव जी का माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन जी एवं अन्य सदस्यों ने पुष्पों द्वारा स्वागत किया गया साथ ही विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री अजय वर्मा जी का भी स्वागत किया गया।

कार्यपरिषद् की बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गयेः–

- स्ववित्त कर्मचारियों के इंक्रिमेंट से संबंधित मुद्दे एवं अन्य समस्याओं के समाधान एवं समरसता हेतु एक समिति का गठन किया जायेगा।
- संविदा पर शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी तथा नियमानुसार न्यूनतम वेतन निर्धारण हेतु एक समिति का गठन किया गया, जिसके सदस्य प्रो. संजीव टोकेकर, प्रो. विजय बाबू गुप्ता एवं प्रो. किरण सलूजा (अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा) होगें।
- छात्र दुर्घटना कोष के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली राशि एक लाख रूपये से बढ़ाकर पाँच लाख रूपये की गई। इस हेतु पहले विद्यार्थियों से एक रूपये शुल्क लिया जाता था अब इसे बढ़ाकर पाँच रूपये कर दिया गया।
- विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021–22 को कुछ संशोधनों के साथ मान्य किया गया।
- CUET-2023 के प्रस्तावित बजट रू. 27.00 लाख को कार्यपरिषद् द्वारा मान्य किया गया।
- दिवंगत स्थाईकर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया।
- आई.टी. सेंटर हेतु उपकरण क्रय करने के लिए रू. 89.90 के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया।
- आई.ई.टी. के नवनिर्मित पुस्तकालय के लिए फर्निचर क्रय करने हेतु 25 लाख रूपये कार्यपरिषद् द्वारा मान्य किए गए।

बैठक के अंत में झाबुआ के शिल्पकार श्री रमेश परमार एवं उनकी पत्नी श्रीमती शांति परमार को माननीय कुलपति, कुलसचिव एवं कार्यपरिषद् सदस्यों ने, भारत सरकार द्वारा उन्हे संयुक्त रूप से पद्मश्री प्राप्त होने पर शाल एवं श्रीफल द्वारा सम्मानित किया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी